e-Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)
स0सं0ः–17–तक0को0 (प्रशिक्षण)–249 / 2019...........1136.............

प्रेषक,

जय सिंह, भा0प्र0से0
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

सचिव,
राजस्व पर्षद,
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक :– 13-05-2022

विषय :– बेतिया राज की भू–सम्पदा सहित राजस्व पर्षद के संरक्षणाधीन अन्य भू–सम्पदाओं का बिहार विशेष भूमि सर्वेक्षण के दौरान अधिकार–अभिलेख निर्माण के समय संरक्षण के संबंध में।

प्रसंग :– भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय का पत्रांक– 1105 दिनांक–20.10.2020

महाशय,

उपर्युक्त विषय एवं प्रासंगिक पत्र के आलोक में स्पष्ट करना है कि राज्य के 20 जिलों यथा बेगूसराय, खगड़िया, लखीसराय, जहानाबाद, किशनगंज, अररिया, कटिहार, पूर्णियाँ, सीतामढ़ी, सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, प0 चम्पारण, जमुई, मुंगेर, नालंदा, शिवहर बांका, अरवल एवं शेखपुरा के 89 अंचल अंतर्गत 5019 राजस्व ग्रामों में प्रथम चरण एवं शेष अंचलों में द्वितीय चरण अंतर्गत कार्य प्रगति पर है।

स्पष्ट करना है कि पश्चिमी चम्पारण समेत बिहार के अन्य स्थानों में बेतिया राज की भू–सम्पदा है, जिसके संरक्षक वर्त्तमान में राजस्व पर्षद, बिहार, पटना है।

उल्लेखनीय है कि बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य के दौरान अधिकार–अभिलेख एवं मानचित्र तैयार किए जा रहे है। अधिकार–अभिलेख निर्माण के क्रम में सरकारी भूमि सहित सरकार के संरक्षणाधीन भू–संपदाओं का अधिकार–अभिलेख एवं मानचित्र भी तैयार किया जा रहा है। इस क्रम में बेतिया राज के भू–संपदाओं सहित, राजस्व पर्षद, बिहार, पटना के संरक्षणाधीन भू–संपदाओं के स्वामित्व निर्धारण की प्रक्रिया प्रगति पर है। पश्चिमी चम्पारण में प्रथम चरण अंतर्गत चनपटिया, मझौलिया, नौतन एवं लौरिया अंचल में कार्य किया जा रहा है। कार्य सम्पादन के क्रम में भूमि के स्वामित्व निर्धारण के लिए सभी भू–धारकों द्वारा समर्पित की गई भू विवरणी एवं साक्ष्य के अनुसार नये खेसरा पंजी (प्रपत्र–6) का निर्माण किया जा रहा है। खेसरा पंजी के निर्माण पश्चात् भू–धारकों को उनकी भूमि की विवरणी खानापुरी पर्चा के साथ L.P.M (Land Parcel Map) उपलब्ध कराया जाता है। तद्नुसार प्रविष्टियों के आधार पर भू–धारकों द्वारा समर्पित दावा/आपत्ति का निष्पादन सुनवाई की प्रक्रिया में करते हुए अधिकार–अभिलेख एवं मानचित्र का प्रारूप कर पुनः अंतिम आपत्ति का निष्पादन कर अंतिम रूप से प्रकाशित किया जाता है। इस समस्त प्रक्रिया के आलोक में आवश्यक है कि राजस्व पर्षद द्वारा खेसरा पंजी निर्माण हेतु ससमय भूमि की विवरणी उपलब्ध कराई जाए एवं खानापुरी पर्चा के आधार पर आवश्यकतानुसार दावा/आपत्ति की जाए तथा आवश्यकतानुसार सुनवाई की प्रक्रिया में राजस्व पर्षद का पक्ष रखा जाए।

अतः अनुरोध है कि संबंधित जिलों के क्षेत्रीय पदाधिकारियों को निदेशित करने की कृपा की जाए कि वे भू–सर्वेक्षण के दौरान जिला बंदोबस्त कार्यालय एवं संबंधित विशेष सर्वेक्षण शिविर से सतत् संपर्क कर सरकार का हित अक्षुण्ण रखने का कष्ट करेंगे।

विश्वासभाजन

(जय सिंह)
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक : 17–तक0को0 (प्रशिक्षण)–249 / 2019 1136 **पटना, दिनांक** 13-05-2022

प्रतिलिपिः– बन्दोबस्त पदाधिकारी, बेगूसराय, खगड़िया, लखीसराय, जहानाबाद, किशनगंज, अररिया, कटिहार, पूर्णियाँ, सीतामढ़ी, सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, प0 चम्पारण, जमुई, मुंगेर, नालंदा, शिवहर, बांका, अरवल एवं शेखपुरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप
बिहार, पटना।

ज्ञापांक : 17–तक0को0 (प्रशिक्षण)–249 / 2019 1136 **पटना, दिनांक** 13-05-2022

प्रतिलिपिः– Manager, Bettiah Raj, Bettiah (managerbettiahraj@gmail.com) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 17–तक0को0 (प्रशिक्षण)–249 / 2019 1136 **पटना, दिनांक** 13-05-2022

प्रतिलिपिः– सहायक निदेशक / प्रशाखा पदाधिकारी / प्रभारी, विशेष सर्वेक्षण कोषांग शाखा / संबंधित जिलों के नोडल पदाधिकारी / प्रभारी, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 17–तक0को0 (प्रशिक्षण)–249 / 2019 1136 **पटना, दिनांक** 13-05-2022

प्रतिलिपिः– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 17–तक0को0 (प्रशिक्षण)–249 / 2019 1136 **पटना, दिनांक** 13-05-2022

प्रतिलिपिः– अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप